# राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी)



## रोवर्स–रेंजर्स की सत्र 2018–19 सत्र 2019–20 एवं सत्र 2020–21 की विभिन्न गतिविधियों की ऑख्या


आख्याकर्ता

डॉ० जगदीश चन्द्र रस्तोगी

असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग एवं रोवर लीडर, रोवर–रेंजर इकाई

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी)

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में सत्र 2014–15 के पश्चात रोवर्स–रेंजर्स इकाई को पुनः स्थापित करने हेतु सत्र 2018–19 में प्राचार्य डॉ० ए०के० तिवारी जी के द्वारा रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी एवं रेंजर टीम लीडर डॉ० अंजू भट्ट को नामित किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम महाविद्यालय के इच्छुक छात्र–छात्राओं में से 12 रोवर एवं 12 रेंजर को चयनित किया गया। दिनांक 25 मई 2019 को महाविद्यालय के रोवर–रेंजर की यूनिट का पंजीकरण किया गया। महाविद्यालय के रोवर–रेंजर ने हरेला पर्व, 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 2 अक्टूबर गांधी जयंती तथा 9 नवंबर उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में परिसर में साफ–सफाई, वृक्षारोपण तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिनांक 24–09–2019 को सत्र 2019–20 में बी०ए०/बी०एस–सी० प्रथम वर्ष के 12–12 छात्र–छात्राओं को पुनः रोवर्स–रेंजर्स में भर्ती कर दी गया। दिनांक 18 नवंबर 2019 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी ने भारत स्काउट गाइड प्रार्थना, प्रतिज्ञा एवं उसके, इतिहास की संपूर्ण जानकारी रोवर्स–रेंजर्स को दी। रोवर्स–रेंजर्स की दिनांक 03 दिसंबर 2019 को एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें 05 दिसंबर 2019 को लगाए जाने वाले एकदिवसीय शिविर के बारे में चर्चा परिचर्चा की गई। दिनांक 03–12–2019 को महाविद्यालय में रोवर–रेंजर्स का एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें रोवर–रेंजर ने महाविद्यालय परिसर में वृहद रूप से साफ सफाई की तथा कूड़े–करकट, प्लास्टिक इत्यादि के रैपर को इकट्ठा कर आग लगाकर समाप्त किया। तत्पश्चात रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी ने रोवर–रेंजर को भारत स्काउट गाइड के शिविर के नियमों, उद्देश्य, गांठ बंधन, बी०पी०–6 इत्यादि की जानकारी से अवगत कराया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए०के० तिवारी ने रोवर–रेंजर को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर–रेंजर की अपनी एक पहचान है तथा रोवर–रेंजर्स को अपने कर्तव्यों एवं सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए, देश हित में विभिन्न सामाजिक कार्य करने चाहिए। साथ ही उन्होंने रोवर्स–रेंजर्स को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए इस अवसर पर पुष्पांजलि आर्य ने भी अपने वक्तव्य दिए।



05 दिसंबर 2019 को रोवर्स–रेंजर्स एक दिवसीय शिविर में लिए गये फोटोग्राफ

# पांच दिवसीय हॉट एयर बैलूनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग

जिला पर्यटन विकास अधिकारी खेल अधिकारी उत्तर उत्तरकाशी की आदेश संख्या–776/साह० पर्य०/प्रशि० 201–20 द्वारा उत्तरकाशी के युवक–युवतियों हेतु साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाटॅ एयर बैलूनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें महाविद्यालय के 04 रोवर एवं 05 रेंजर ने दिनांक 05 जनवरी 2020 से 09 जनवरी 2020 तक चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी में पांच दिवसीय हॉट एयर बैलूनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। जिनके नाम निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | रोवर का नाम | कक्षा | रेंजर का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास | B.Sc. III Semester | कु0. नीलम | B.Sc. III Semester |
| 2 | अखिलेश | B.Sc. I Year | कु0. सुष्मिता चौहान | B.Sc. I Year |
| 3 | आशीष कुमार | B.Sc. I Year | कु0. कंचन बडोनी | B.Sc. I Year |
| 4 | मधुसूदन डिमरी | B.Sc. I Year | कु0. निकिता | B.Sc. I Year |
| 5 | | | कु0. गायत्री चौहान | B.A. I Year |



पांच दिवसीय हॉट एयर बैलूनिंग प्रशिक्षण में रोवर्स–रेंजर्स द्वारा लिए गये फोटोग्राफ

## रोवर–रेंजर समागम 2020 की आख्या 18 फरवरी 2020 से 22 फरवरी 2020 तक

भारत स्काउट एवं गाइड उत्तराखंड प्रादेशिक मुख्यालय 55 राजपुर रोड देहरादून के पत्रांक संख्या/9606–47/उत्त0 भा0 स्का0 गा0 प्रा0मुख्या0/दिनांक 10–01–2020 के क्रम में तथा प्राचार्य जी के आदेश के अनुक्रम में राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट से रोवर लीडर डॉ0 जगदीश चंद्र रस्तोगी, असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान के नेतृत्व में 8 रोवर एवं 8 रेंजर ने रोवर–रेंजर्स समागम 2020 में प्रतिभाग किया। रोवर–रेंजर्स समागम 2020 का आयोजन दिनांक 18 फरवरी 2020 से 22 फरवरी 2020 तक राम चंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में आयोजित किया गया। समागम में उत्तराखंड के 16 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। रोवर–रेंजर्स समागम में प्रतिभा करने हेतु दिनांक 18 फरवरी 2020 को सुबह 8:00 बजे दल बस के द्वारा उत्तरकाशी के लिए रवाना हुआ। सभी रोवर–रेंजर अपनी गणवेश में सजे थे, महाविद्यालय का दल 12:00 बजे रामचंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी के पुरुखेत परिसर में पहुंची तथा अपनी विविध गतिविधियों में सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के सभी रोवर–रेंजर ने समागम की सभी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के सभी रोवर–रेंजर ने विभिन्न प्रतियोगिताओं नाटक प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, शिवराग्नि प्रतियोगिता, स्वस्थ भारत (बीपी–6) मार्चपास्ट एवं गणवेश, ध्वज शिष्टाचार, झांकी प्रतियोगिता, गांढ एवं बंधन, तंबू निर्माण, पुल/मचान निर्माण, कलर पार्टी प्रतियोगिता, कौशल विकास प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता, व्याख्यान प्रतियोगिता में बड़े ही मनयोग से प्रतिभाग किया। व्याख्यान प्रतियोगिता में अखिलेश बी०एस–सी० प्रथम वर्ष ने पर्यावरण संरक्षण पर अपना व्याख्यान दिया। निबंध प्रतियोगिता में अखिलेश बी०एस–सी० प्रथम वर्ष तथा हेमंत सिंह आर्य बी०एस–सी० तृतीय सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में आशीष कुमार बी०एस–सी० प्रथम वर्ष तथा हेमंत सिंह आर्य बी०एस–सी० तृतीय सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में विकास बी०एस–सी० तृतीय सेमेस्टर तथा शिवम सरियाल बी०एस–सी० प्रथम वर्ष। रेंजर टीम की ओर से व्याख्यान में कंचन बडोनी बी०एस–सी० प्रथम वर्ष, निबंध प्रतियोगिता में कुमारी लविशा बी0ए0 प्रथम वर्ष एवं सुष्मिता बी०एस–सी० प्रथम वर्ष ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में कुमारी नीलम बी०एस–सी० प्रथम वर्ष तथा कुमारी संतोषी बी0ए0 प्रथम वर्ष ने प्रतिभाग किया। वही पोस्टर प्रतियोगिता में पल्लवी भट्ट बी०एस–सी० तृतीय सेमेस्टर तथा कुमारी निकिता बी०एस–सी० प्रथम वर्ष ने प्रतिभाग किया। अन्य सभी कार्यक्रमों में रोवर–रेंजर टीम ने सामूहिक रूप से प्रतिभा किया। निबंध प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एकता विषय में हेमंत सिंह आर्य बी०एस–सी० तृतीय सेमेस्टर प्रथम स्थान तथा विषय धर्मनिरपेक्षता में अखिलेश बी०एस–सी०

प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बीपी–6 में रेंजर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं कौशल विकास में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय से प्रतिभाग करने वाले रोवर /रेंजर का नाम इस प्रकार से हैं।

| क्र0सं0 | रोवर का नाम | कक्षा | रेंजर का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हेमंत सिंह आर्य | B.Sc. III Semester | कु0. पल्लवी भट्ट | B.Sc. III Semester |
| 2 | विकास | B.Sc. III Semester | कु0. नीलम | B.Sc. III Semester |
| 3 | आशीष कुमार | B.Sc. III Semester | कु0. कंचन बडोनी | B.Sc. I Year |
| 4 | नीतीश कुमार | B.Sc. III Semester | कु0. निकिता | B.Sc. I Year |
| 5 | अखिलेश | B.Sc. I Year | कु0. सुष्मिता चौहान | B.Sc. I Year |
| 6 | शिवम सरियाल | B.Sc. I Year | कु0. लविशा | B.A. I Year |
| 7 | मधुसूदन डिमरी | B.Sc. I Year | कु0. संतोषी आर्य | B.A. I Year |
| 8 | मुकेश कुमार | B.A. I Year | कु0. गायत्री चौहान | B.A. I Year |




रोवर–रेंजर समागम 2020 में भाग लेनी गयी टीम के फोटोग्राफ

## 02 अक्टूबर 2020 को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

02 अक्टूबर 2020 को गांधी जी जयंती के सुअवसर पर रोवर–रेंजर इकाई द्वारा ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर 25 प्रश्नों की प्रश्नावली तैयार की गई और ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 02 अक्टूबर 2020 से 05 अक्टूबर 2020 तक का समय निर्धारित किया गया। प्रश्नावली रोवर लीडर डॉ जगदीश चन्द्र द्वारा तैयार की गयी। इस कार्य में प्राचार्य डॉ० ए०के० तिवारी एवं डॉ० विमल प्रकाश बहुगुणा द्वारा सहयोग किया गया। ऑनलाइन सॉफ्टवेयर डॉ० सीमा, प्राध्यापिका रसायन विज्ञान द्वारा तैयार किया गया। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में देश के युवाओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता को उत्तीर्ण करने हेतु 50: अंक प्राप्त करना अनिवार्य था। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होने वाले युवाओं को ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता

भारत स्काउट एण्ड गाइड दिवस 07 नवम्बर 2020 पर को रोवर–रेंजर इकाई द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता महाविद्यालय के रोवल लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निबंध प्रतियोगिता में 12 रोवर्स एवं 12 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। कोविड–19 के कारण महाविद्यालय छात्र–छात्राओं हेतु बंद किया गया था, इसलिए सभी रोवर–रेंजर ने निबंध लिखकर व्हाट्सएप के माध्यम द्वारा भेजे गए। जिनका मूल्यांकन रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र द्वारा किया गया। निबंध का विषय ''रोवर–रेंजर की समाज में भूमिका, कार्य एवं दायित्व'' था। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रेंजर–रोवर को तीन दिन समय दिया गया था। निबंध प्रतियोगिता में निम्नलिखित रोवर रेंजर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

| | | |
|---|---|---|
| 1– विकास | बी०एस–सी० पंचम सेमेस्टर | प्रथम स्थान |
| 2– अखिलेश | बी०एस–सी० द्वितीय वर्ष | द्वितीय स्थान |
| 3– कुमारी निकिता | बी०एस–सी० द्वितीय वर्ष | तृतीय स्थान |

# मातृभाषा मातृभाषा पर संगोष्ठी

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में 22 फरवरी 2021 को मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एन०एस०एस०, रोवर–रेंजर एवं एन०सी०सी के छात्र–छात्राओं के अलावा अन्य छात्र–छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के रोवर–रेंजर्स ने जिसमें अखिलेश, विकास, नितेश कुमार, दीक्षा, काजल, हर्षमणि, निकिता ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। सभी छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने अपनी मातृभाषा को बचाने और उसका विकास करने हेतु अपने अस्तर पर प्रयास किए जाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी राष्ट्रीय भाषा हिंदी के साथ–साथ अपनी गढ़वाली बोली का भी ज्यादा से ज्यादा संप्रेषण करना होगा। तभी हमारी गढ़वाली एवं कुमाऊनी बोली का प्रचार प्रसार हो सके। हमें अपनी मातृभाषा में बात करने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रोवर–रेंजर के प्रभारी डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी ने किया। एन०एस०एस० की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संगीता रावत, डॉ० विजय बहुगुणा, डॉ० बी० एल० थपलियाल ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए।



## मातृभाषा व बोली का प्रचार जरूरी

**बड़कोट।** राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय में मातृभाषा पर हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने राष्ट्रीय भाषा हिंदी के साथ अपनी मातृभाषा गढ़वाली व कुमाऊंनी बोली भी बेझिझक बोलने व इनका प्रचार-प्रसार करने की बात कही। प्रधानाचार्य डा. एके तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के साथ मूल भाषा को व्यवहार में लाना चाहिए। तभी ये भाषाएं जीवित रहेंगी। संगोष्ठी में अखिलेश, विकास, नितेश कुमार, दीक्षा, काजल, हर्षमणि, निकिता ने विचार रखे। इस मौके पर रोवर-रेंजर के प्रभारी डा. जगदीश चंद्र रस्तोगी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संगीता रावत, डा. विजय बहुगुणा, डा. बीएल थपलियाल, डा. पुष्पांजलि आर्य, डा. युवराज, डा. अर्चना मौजूद रहे। संवाद

**अमर उजाला समाचार पत्र के दिनांक 23 फरवरी 2021 के संस्करण प्रकाीित समाचार।**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० के० तिवारी ने छात्रों को संबोधित हुए, कहा कि हमारे लिए सभी भाषाओं का महत्व है। हमें अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय भाषाओं के साथ–साथ अपनी मूल भाषा को भी अपने व्यवहार में लाना होगा। तभी ये भाषाएं जीवित रह पाएंगे।




मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ

## 23 फरवरी 2021 रोवर–रेंजर की कार्यशाला का आयोजन

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में 23 फरवरी 2021 को रोवर–रेंजर की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 28 रोवर–रेंजर ने भाग लिया। रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी ने रोवर–रेंजर को वर्षभर की गतिविधियों, एक दिवसीय शिविरों एवं निपुण प्रशिक्षण में प्रतिभाग हेतु कार्य योजना तैयार की। उन्होंने बताया कि रोवर–रेंजर द्वारा सफाई कार्यक्रम, रैलियां तथा हाइक के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी रूपरेखा तैयार की गई। रोवर–रेंजर द्वारा पूर्व के वर्षों में किए कार्यों पर चर्चा परिचर्चा की गई। रोवर लीडर ने रोवर–रेंजर को स्काउट एवं गाइड के उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 03 मार्च 2021 को एक दिवसीय शिविर लगाया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा पूर्व में रोवर–रेंजर द्वारा किए गए कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

### कार्यशाला में 28 रोवर रेंजर शामिल

**बड़कोट।** राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में सोमवार को रोवर-रेंजर की एक कार्यशाला का आयोजित किया गया। जिसमें 28 रोवर-रेंजर ने भाग लिया।

कार्यशाला में रोवर लीडर डॉ जगदीश चंद्र रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं को वर्षभर की गतिविधियों, एक दिवसीय शिविरों एवं निपुण प्रशिक्षण में प्रतिभाग हेतु कार्य योजना तैयार की। उन्होंने बताया कि रोवर-रेंजर द्वारा सफाई कार्यक्रम, रैलियां आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, साथ ही पूर्व के वर्षों में किए कार्यों पर चर्चा परिचर्चा की गई। इसके अलावा रोवर लीडर ने रोवर-रेंजर को स्काउट एवं गाइड के उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

**हिन्दुस्तान समाचार पत्र के दिनांक 24 फरवरी 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।**

### रोवर-रेंजर की कार्यशाला

**बड़कोट।** राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में रोवररेंजर की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 28 रोवररेंजर ने भाग लिया। कार्यशाला में रोवर लीडर डा.जगदीश चंद्र रस्तोगी ने बताया कि रोवररेंजर द्वारा सफाई कार्यक्रम, रैलियां सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रोवर लीडर ने रोवररेंजर को स्काउट एवं गाइड के उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में बताया। निर्णय लिया गया कि तीन मार्च 2021 को एक दिवसीय शिविर लगाया जाएगा,।

**अमर उजाला समाचार पत्र के दिनांक 24 फरवरी 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।**

# रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर दिनांक 03 मार्च 2021

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में 03 मार्च 2021 को रोवर–रेंजर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई एवं एवं स्वच्छता कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात सभी रोवर–रेंजर कान्फ्रेंस हॉल में एकत्रित हुए उसके बाद स्काउट गाइड प्रार्थना का कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम में रवाल्टा क्रू लीडर अखिलेश बी० एस–सी० द्वितीय वर्ष एवं रौतेली टीम लीडर कु० नीलम बी० एस–सी० वित्तीय वर्ष ने रोवर–रेंजर के कार्यों और दायित्वों के बारे में सभी रोवर रेंजर को संबोधित किया। रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी ने रोवर–रेंजर के इतिहास के बारे में विस्तार से अवगत कराया तथा उन्होंने बताया कि रोवर–रेंजर को समाज एवं देश के लिए क्या–क्या कार्य किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्दी ही रोवर–रेंजर का एक दिवसीय कार्यक्रम तथा निपुण का कार्यक्रम किया जाएगा। प्राचार्या डॉ० पुष्पांजलि आर्य ने पिछले वर्ष समागम में प्रतिभाग करने वाले रोवर–रेंजर्स को पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी रोवर–रेंजर एवं रोवर लीडर को बधाई दी। प्राचार्या ने रोवर्स–रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि देश में रोवर–रेंजर की एक अलग पहचान है, जो देश और समाज के लिए निस्वार्थ कार्य करते हैं। रोवर–रेंजर मन एवं दिल से कार्य करने चाहिए, उन्होंने एक दिवसीय कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोवर्स–रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय में जो सफाई कार्यक्रम किया गया, वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित रेंजर टीम लीडर श्रीमती संगीता रावत ने रोवर रेंजर को संबोधित हुए कहा कि रोवर–रेंजर को निस्वार्थ रूप से अपना काम करना चाहिए, तभी उनकी एक पहचान होगी। डॉ विजय बहुगुणा ने रोवर्स–रेंजर्स को संबोधित हुए कहा कि महाविद्यालय ने इस क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। अब हमें बढ़ चढ़कर कार्य करने चाहिए। जिससे हमारे महाविद्यालय की अलग पहचान हो।

## रोवर-रेंजर्स को स्काउट और गाइड के नियम बताए

**बड़कोट।** महाविद्यालय में रोवर-रेंजर के एक दिवसीय शिविर में स्काउट और गाइड के नियमों, झंडा गीत, स्काउट प्रार्थना, शिविर के नियम, गांठ बंधन एवं प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गई। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने किया। ध्वज शिष्टाचार रोवर लीडर डॉ. जगदीश रस्तोगी, रेंजर टीम लीडर संगीता रावत, वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. पुष्पांजलि आर्य, डा. युवराज शर्मा, विनय शर्मा, डा. अर्चना कुकरेती, राहुल राणा एवं अखिलेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रेंजर टीम लीडर संगीता रावत ने रोवर-रेंजर को स्काउट एंड गाइड के बारे में जानकारी दी। संवाद

**अमर उजाला समाचार पत्र के दिनांक 04 मार्च 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।**

# महाविद्यालय में एक दिवसीय रोवररेंजर का शिविर आयोजित

■ **बड़कोट/एसएनबी।**

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय तटाउ बड़कोट में रोवररेंजर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई। इसके बाद रोवर रेंजर कान्फ्रेंस हॉल में स्काउट गाइड प्रार्थना का कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम में रवाल्टा क्रू लीडर अखिलेश व रौतेली टीम लीडर नीलम ने रोवररेंजर के कार्यों और दायित्वों के बारे जानकारी दी।

रोवर लीडर डा. जगदीश चंद्र रस्तोगी ने रोवररेंजर के इतिहास के बारे में बताया। प्राचार्य डा. पुष्पांजलि आर्य ने पिछले वर्ष समागम में प्रतिभाग करने वाले रोवररेंजर्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि देश में रोवररेंजर की एक अलग पहचान है, जो देश और समाज के लिए निस्वार्थ कार्य करते हैं। कार्यक्रम में रेंजर टीम लीडर संगीता रावत ने कहा कि रोवररेंजर को निस्वार्थ रूप से अपना काम करना चाहिए। डा. विजय बहुगुणा ने रोवर्सरेंजर्स को संबोधित हुए कहा कि महाविद्यालय ने इस क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा.डीएस मेहरा, डा.बीपी बहुगुणा डा.युवराज शर्मा, डा.बीएल थपलियाल, दिनेश शाह, विनय शर्मा, डा.अर्चना कुकरेती, राकेश रमोला, उपेंद्र सिंह रावत, अखिलेश नेगी, राहुल राणा, शीतल, पूनम, दीपक जयाड़ा सुनील आर्य थे।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र के दिनांक 04 मार्च 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।

# स्वच्छता अभियान चलाया

**बड़कोट:** राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई एवं एवं स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रवांल्टा टीम लीडर अखिलेश एवं रौतेली टीम लीडर नीलम ने रोवर-रेंजर के कार्यों और दायित्वों के बारे में सभी रोवर रेंजर को संबोधित किया। इस मौके पर रोवर लीडर डॉ. जगदीश चंद्र रस्तोगी, प्राचार्या डॉ. पुष्पांजलि आर्य, डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. डीएस मेहरा, डॉ. बीपी बहुगुणा, डॉ. युवराज शर्मा, डॉ. बीएल थपलियाल आदि मौजूद थे। (संसू)

अमर उजाला समाचार पत्र के दिनांक 04 मार्च 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।




03 मार्च 2021 को रोवर–रेंजर एक दिवसीय शिविर के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ










03 मार्च 2021 को रोवर–रेंजर एक दिवसीय शिविर के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ

# भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी) में 18 मार्च को "आजादी के अमृत महोत्सव" कार्यक्रम के तहत शीर्षक "आजादी के 74 वर्षों की उपलब्धियां एवं असफलताओं" पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी, असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान के मार्ग दर्शन एवं दिशा–निर्देशनमें, डॉ० पुष्पांजलि आर्य की अध्यक्षता एवं भाषण प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक डॉ० बी० एल० थपलियाल की उपस्थिति में संपन्न किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 16 छात्र–छात्राओं ने बड़े ही मनयोग से प्रतिभाग किया। छात्र–छात्रों ने अपने भाषण में देश की विभिन्न उपलब्धियां को गिनाया तथा देश जिन क्षमताओं को पूर्ण नहीं कर पाए उन पर भी विचार रखे। छात्र–छात्राओं में अखिलेश, आशीष कुमार, अंशिका डिमरी, विकास, शिवानी कंडवाल, नीतीश कुमार,अंजलि, नीलम, सुमित, अनुपमा डिमरी, मोनिका, यशोदा, रितेश सूरज, निकिता, शिवानी ने प्रतिभाग किया। भाषण संयोजक मंडल एवं छात्र छात्राएं ने बड़ी ही रोचक कृतियों, स्लोगन के माध्यम से वातावरण को रोचक बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ० पुष्पांजलि आर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र ने छात्र–छात्राओं को आजादी के पश्चात की विकास की यात्रा, पंचवर्षीय योजना, कृषि विकास, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ग्लोबलाइजेशन, निजीकरण, अर्थव्यवस्था से छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया। मुख्य संयोजक डॉ० बी० एल० थपलियाल ने अंत में भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। जिसमें अंशिका डिमरी बीएससी द्वितीय ने प्रथम स्थान, शिवानी कंडवाल पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा अखिलेश बीएससी द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० के ० तिवारी ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र–छात्राएं इस विषय पर काफी जागरूक हैं।

## महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़कोट।** राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शीर्षक आजादी के 74 वर्षों की उपलब्धियां एवं असफलताओं पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 16 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंशिका डिमरी ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में छात्रों ने भाषण में देश की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया। छात्र-छात्राओं में अखिलेश, आशीष कुमार, अंशिका डिमरी, विकास, शिवानी कंडवाल, नीतीश कुमार,अंजलि, नीलम, सुमित, अनुपमा डिमरी, मोनिका, यशोदा, रितेश सूरज, निकिता, शिवानी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षा डा.पुष्पांजलि आर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र ने छात्रों को आजादी के पश्चात की विकास की यात्रा, पंचवर्षीय योजना, कृषि विकास, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ग्लोबलाइजेशन, निजीकरण, अर्थव्यवस्था के बारे में बताया। मुख्य संयोजक डा.बीएल थपलियाल ने भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता में अंशिका डिमरी बीएससी द्वितीय ने प्रथम स्थान, शिवानी कंडवाल पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा अखिलेश बीएससी द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एके तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। प्रतियोगिता का आयोजन डा. जगदीश चंद्र रस्तोगी, असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान के मार्गदर्शन डा. पुष्पांजलि आर्य की अध्यक्षता में हुई।

**हिन्दुस्तान समाचार पत्र के दिनांक 19 मार्च 2021 के संस्करण प्रकााति समाचार**







18 मार्च को "आजादी के अमृत महोत्सव" के तहत भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ

# सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में 23 मार्च को सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ जगदीश चंद्र रस्तोगी असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में थाना कोतवाली बड़कोट के पुलिस टीम को आमंत्रित किया गया था। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर सुरेश राम डोगरा, दीपक राठौर, अमित कुमार एवं कपिल जोशी सम्मिलित हुए। संगोष्ठी में संयोजक डॉ जगदीश चंद्र रस्तोगी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पुलिस टीम मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्होंने छात्र–छात्राओं को संबोधित हुए कहा कि हमें नैतिक तौर पर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए क्योंकि इससे ही हम अपनी सुरक्षा और समाज की सुरक्षा कर सकते हैं। थाना बड़कोट (उत्तरकाशी) के इंस्पेक्टर डोगरा जी ने छात्र छात्राओं को सड़क सड़क के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा दीपक राठौर ने विस्तार में सड़क के नियमों, कानूनों की जानकारी से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। छात्र–छात्राओं ने बड़े रोचक ढंग से संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। प्राचार्य एके तिवारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करोते हुए कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रोफेसर ए० एस० असवाल, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ब्रह्मखाल ने भी छात्र छात्राओं को नैतिक जिम्मेदारी का एहसास कराया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पांजलि आर्य, डॉ० डी० एस० मेहरा, डॉ बीपी बहुगुणा, श्री दिनेश शाह, श्री दया प्रसाद गैरोला, डॉ० युवराज शर्मा, डॉक्टर बी० एल० थपलियाल, राकेश रमोला, उपेंद्र रावत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक तथा प्राचार्य ने पुलिस टीम को एवं मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। महाविद्यालय में इसके अलावा डॉ. अर्चना कुकरेती के तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता तथा श्री दया प्रसाद गैरोला के दिशा निर्देशन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।














23 मार्च 2021 को ”आजादी के अमृत महोत्सव” के तहत सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी संगोष्ठी का आयोजन के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ

# रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर 26 मार्च 2021

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें 24 रोवर एवं 16 रेंजर उपस्थित रहे। शिविर की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत आदि के साथ आरंभ किया गया। एक दिवसीय रोवर–रेंजर शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए. के. तिवारी ने किया। ध्वज शिष्टाचार में रोवर लीडर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी, रेंजर टीम लीडर श्रीमती संगीता रावत, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ० पुष्पांजलि आर्य, डॉ० युवराज शर्मा, श्री विनय शर्मा, डॉ० अर्चना कुकरेती, राहुल राणा एवं अखिलेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर रोवर–रेंजर को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ० ए. के. तिवारी ने कहा कि इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु रोवर–रेंजर को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में रोवर–रेंजर को समाज सेवा में सहभागिता कर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात सभी रोवर–रेंजर कक्षा–कक्ष में एकत्रित होकर डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी, रोवर लीडर ने रोवर्स–रेंजर्स को विविध जानकारियां से अवगत कराया। जिसमें स्काउट और गाइड के नियमों का पालन करना, झंडा गीत, स्काउट प्रार्थना, शिविर के नियम, गाठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा आदि सम्मिलित हैं। रेंजर टीम लीडर संगीता रावत ने रोवर–रेंजर को स्काउट एंड गाइड के इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों ने एक दिवसीय शिविर के समापन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सभी ने रोवर–रेंजर्स को देशहित एवं समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ० डी. एस. मेहरा, डॉ० बी. पी. बहुगुणा, डॉ० बी. एल. थपलियाल, श्री दिनेश शाह, श्री डी. पी. गैरोला, श्रीमती पूनम, दीपेंद्र, उपेंद्र रावत आदि उपस्थित रहे। दिवस के अंत में प्राचार्य के संबोधन के साथ एक दिवसीय शिविर का समापन हुआ।








25 मार्च 2021 को "आजादी के अमृत महोत्सव" के तहत रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ

# आजादी का अमृत महोत्सव का समापन

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में 12 मार्च से आरंभ हुई आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन 5 अप्रैल 2021 को हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दांडी यात्रा के दिन 12 मार्च से आरंभ किया गया था। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 12 मार्च से 5 अप्रैल तक महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी विषयों के विषय प्राध्यापकों/प्राध्यापिकाओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु छात्र–छात्राओं के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, आजादी से संबंधित वीडियो/फिल्म का प्रदर्शन, सड़क सुरक्षा पर गोष्ठी, मद्यपान निषेध पर गोष्ठी, पर्यावरण पर गोष्ठी, आदि का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी द्वारा महाविद्यालय की रोवर–रेंजर इकाई, एन०एस०एस० इकाई एवं एन०सी०सी० इकाई के छात्र–छात्राओं को 12 मार्च से चले आ रहे आजादी के अमृत महोत्सव का समापन का जिम्मा दिया गया था। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर महाविद्यालय के रोवर–रेंजर एन०एस०एस० एवं एन०सी०सी० के छात्र–छात्राओं के साथ अन्य छात्र–छात्राओं ने भी रैली निकाली, तत्पश्चात एकत्रित होकर इस कार्यक्रम का समापन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर रोवर्स–रेंजर्स के प्रभारी डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी(रोवर लीडर) ने छात्र–छात्राओं को संबोधित किया तथा एन०एस०एस० के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी डॉ० विमल प्रकाश बहुगुणा, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संगीता रावत एवं एन०सी०सी० प्रभारी विनय शर्मा ने इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० पुष्पांजलि आर्य ने छात्र–छात्राओं को संबोधित कर आजादी की अमृत महोत्सव के बारे में विविध जानकारी से अवगत कराया तथा इसके पश्चात उन्होंने इस कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। तत्पश्चात सभी छात्र–छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ० डी. एस. मेहरा, डॉ० युवराज शर्मा, डॉ० विजय बहुगुणा, डॉ० बी. एल. थपलियाल, श्री दिनेश शाह, श्री डी. पी. गैरोला, श्री राकेश रमोला श्रीमती पूनम, राहुल राणा, अखिलेश नेगी, श्रीमती शीतल, दीपेंद्र, सुनील आर्य आदि उपस्थित रहे।

# जागरुकता रैली के साथ महाविद्यालय में आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' संपन्न



बड़कोट :– (सरल एक्सप्रेस ब्यूरो) राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट मे 12 मार्च से आरंभ हुआ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का सोमवार को विधिवत समापन हो गया है। महाविद्यालय मे यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दांडी यात्रा के दिन 12 मार्च से आरंभ किया गया था। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 12 मार्च से 5 अप्रैल तक बड़कोट महाविद्यालय मे विभिन्न गतिविधियों का का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के सभी विषयो के विषय प्राध्यापको/प्राध्यापिकाओ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु छात्र–छात्राओं के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगित्ता, पोस्टर प्रतियोगिता, आजादी से संबंधित वीडियो/फिल्म का प्रदर्शन, सड़क सुरक्षा पर गोष्ठी, मद्यपान निषेध पर गोष्ठी, पर्यावरण पर गोष्ठी, आदि सहित विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की रोवर–रेंजर इकाई, एनएसएस इकाई एवं एनसीसी इकाई के छात्र–छात्राओं को 12 मार्च से चले आ रहे आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर जिम्मेदारी दी गई जिसके अनुरूप आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर महाविद्यालय के रोवर–रेंजर एनएसएस एवं एनसीसी सहित अन्य छात्र–छात्राओ ने जागरूकता रैली निकाली।

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर रोवर्स–रेंजर्स के प्रभारी डॉ जगदीश चंद्र रस्तोगी, एनएसएस के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी डॉ विमल प्रकाश बहुगुणा, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संगीता रावत एवं एनसीसी प्रभारी विनय शर्मा ने कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्र–छात्राओ को संबोधित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पुष्पांजलि आर्य ने छात्र–छात्राओ को संबोधित कर आजादी की अमृत महोत्सव के बारे मे विविध जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ डीएस मेहरा, डॉ युवराज शर्मा, डॉ विजय बहुगुणा, डॉ बीएल थपलियाल, दिनेश शाह, डीपी गैरोला, राकेश रमोला, पूनम, राहुल राणा, अखिलेश नेगी, शीतल, दीपेंद्र, सुनील आर्य आदि उपस्थित रहे।

अमर उजाला समाचार पत्र के दिनांक 06 अप्रैल 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार।









दिनांक **06** अप्रैल **2021** को "आजादी के अमृत महोत्सव" के समापन के अवसर पर लिए गये फोटोग्राफ।

## हरेला पर्व पर रोवर्स–रेंजर्स द्वारा वृक्षारोपण।

दिनांक 16 जुलाई 2021 को हरेला पर्व के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिसर में रोवर्स–रेंजर्स द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग रेंज बड़कोट द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में रोवर प्रभारी डॉ० जगदीश चंद्र रस्तोगी की अगुवाई में रोवर्स–रेंजर्स ने बड़े ही मनोयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुमारी कंचनबाला, कुमारी शिवानी, कुमारी शालिनी, कुमारी रंजना, कुमारी रवीना, कुमारी वंदना, कुमारी स्वतंत्री, कुमारी सोनालिका, हर्षमणि मंत्रियांण एवं अखिलेश ने प्रतिभाग किया।

## स्वतंत्रता दिवस 2021 को रोवर्स–रेंजर्स द्वारा वृक्षारोपण

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 के पर्व पर रोवर्स–रेंजर्स ने बड़े ही मनोयोग से महाविद्यालय परिसर में वन विभाग के रेंज बड़कोट के सहयोग से प्राप्त विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण किया। कोविड–19 के कारण कम रोवर्स–रेंजर्स को महाविद्यालय में बुलाया गया था। वृक्षारोपण के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रोवर लीडर डॉ० जगदीश चन्द्र रस्तोगी के नेतृत्व में संपन्न किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुमारी मोनिका, कुमारी लविषा, कुमारी रंजना, कुमारी रवीना, कुमारी वंदना, कुमारी स्वतंत्री, कुमारी दिषा चौहान, हेमन्त सिंह आर्य एवं अखिलेश ने प्रतिभाग किया।



हरेला पर्व एवं स्वतंत्रता दिवस 2021 को वृक्षारोपण के दौरान लिए गये फोटोग्राफ।

## 04 सितंबर को रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर का आयोजन

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी) में 04 सितंबर को रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रोवर्स–रेंजर्स ने सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की। तत्पश्चात शिविर की गतिविधि स्काउट एवं गाइड प्रार्थना के साथ आरंभ हुई। रोवर लीडर डॉ. जगदीश चंद्र रस्तोगी तथा रेंजर लीडर श्रीमती संगीता रावत द्वारा रोवर्स–रेंजर्स को विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। एक दिवसीय शिविर के समापन में रोवर लीडर ने रोवर्स–रेंजर्स द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ए. के. तिवारी ने की, उन्होंने रोवर–रेंजर संबोधित हुए कहा कि रोवर–रेंजर की महाविद्यालय की गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यों में अग्रणीय भूमिका होनी चाहिए और समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने रोवर–रेंजर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा आने वाले समय में और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा 22 उत्कृष्ट रोवर्स–रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# रोवर-रेंजर्स को किया गया सम्मानित

**आयोजन**

**शिविर**

- राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में लगाया शिविर
- समापन पर पूर्व में किए कार्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला

बड़कोट | **संवाददाता**

राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी) में रोवर-रेंजर का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट रोवर्स-रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मौके पर जरूरी जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रोवर्स-रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। जिसके बाद शिविर की गतिविधि स्काउट एवं गाइड प्रार्थना के साथ आरंभ हुई। रोवर लीडर डॉ. जगदीश चंद्र रस्तोगी तथा रेंजर लीडर संगीता रावत ने रोवर्स-रेंजर्स को विभिन्न गतिविधियां करवाई।

एक दिवसीय शिविर के समापन में रोवर लीडर ने रोवर्स-रेंजर्स द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने की। इस मौके पर उन्होंने रोवर-रेंजर को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर-रेंजर की महाविद्यालय की गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यों में अग्रणीय भूमिका होनी चाहिए और समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

उन्होंने रोवर-रेंजर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा आने वाले समय में और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा 22 उत्कृष्ट रोवर्स-रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर डॉ. पुष्पांजलि आर्य, डॉ. डीएस मेहरा, डॉ. बीपी बहुगुणा, डॉ. युवराज शर्मा, डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. बीएल थपलियाल, दिनेश शाह, डॉ. अर्चना कुकरेती, उपेंद्र सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में मौके पर लोग मौजूद थे।

**हिन्दुस्तान समाचार पत्र के दिनांक 04 सितंबर 2021 के संस्करण प्रकाशित समाचार**


Rajendra Singh Rawat Govt. Degree College
(Uttarkashi)
भूगोल विभाग




उत्तराखण्ड
रौतेली


















रावत राजकीय
उत्तरकाशी,
2021











04 सितंबर को रोवर–रेंजर का एक दिवसीय शिविर में लिए गये फोटोग्राफ

